**अभ्यास पत्र - 2023**

**कक्षा-12**

**विषय - अर्थशास्त्र (सेट अ)**

**समय - 3 घंटे** **पूर्णांक - 80**

**निर्देश**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**

**2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 07 अंक,रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 07 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है |**

**3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |**

**4, प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)**

**5, प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)**

**6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 120 शब्द)**

**प्रश्न.1 सही विकल्प का चयन कीजिये -** (1*7)

(i) उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किया जाता है -

(अ) सूक्ष्म अर्थशास्त्र में (ब) आय विश्लेषण में
(स) समष्टि अर्थशास्त्र में (द) उपरोक्त में से कोई नही

(ii) कॉफी के मूल्य में वृद्धि से चाय की मांग -

(अ) बढ़ती है (ब) घटती है
(स) स्थिर रहती है (द) इनमें से कोई नही

(iii) अल्पकाल में उत्पादन प्रक्रिया में निम्नलिखित मे से कौन से साधन होते है -

(अ) स्थिर साधन (ब) परिवर्तनशील साधन
(स) अ तथा ब दोनो (द) उपरोक्त में से कोई नही

(iv) कोई फर्म संतुलन में होता है जब -

(अ) MR=MC (ब) MR>MC
(स) MR<MC (द) MR=MC=O

(v) सामान्य कीमत स्तर का अध्ययन विषय सामग्री है-

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र की (ब) समष्टि अर्थशास्त्र की
(स) दोनों (द) दोनों में से कोई नहीं

(vi) एक देश की भौगोलिक सीमाओं में एक वर्ष में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों का योग कहलाता है।

(अ) सकल घरेलू उत्पाद (ब) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(स) विशुद्ध घरेलू उत्पाद (द) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

(vii) कीन्स का रोजगार सिद्धांत निम्नलिखित में किस पर निर्भर है-

(अ) प्रभावपूर्ण मांग (ब) पूर्ती
(स) उत्पादन क्षमता (द) इनमें से कोई नहीं

https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति  कीजिये-** (1*6)

(i) उत्पादन संभावना वक्र बाये से ..................ढाल लिए होता है।

(ii) गिफीन वस्तुओं के लिए मांग की लोच .................. होती है।

(iii) साधन की एक इकाई बढ़ाने पर कुल उत्पादन में होने वाली वृद्धि..............कहलाती है।

(iv) पूर्ण प्रतियोगिता एक .................. स्थिति होती है।

(v) साख गुणक=.............

(vi) .......... के नियम जे. बी. से ने दिया |

**प्रश्न.3 निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइये: -** (1*6)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) सीमांत उपयोगिता | (क) उपभोक्ता द्वारा |
| (ii) मांग के नियम | (ख) मांग = पूर्ति |
| (iii) साम्य कीमत | (ग) MU |
| (iv) वस्तु की मांग | (घ) पांच होते है।\ |
| (v) घाटे का बजट | (ड़) संतुलित बजट |
| (vi) अनुमानित आय एवं व्यय बराबर | (च) पूंजी निर्माण |

**प्रश्न.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिये -** (1*6)

(i) उस उपयोगिता का नाम बताइये जो पहले बढ़ती है फिर स्थिर होती है और उसके बाद घटती है ?

(ii) उत्पादन फलन कितने प्रकार के होते है ?

(iii) घिसावट व्यय का एक अन्य नाम क्या है ?

(iv) राष्ट्रीय आय को जनसंख्या से भाग करने पर क्या प्राप्त होता है ?

(v) रोजगार का परंपरावादी सिद्धांत किस प्रतियोगिता की मान्यता पर आधारित है ?

(vi) MPC तथा MPS का संबंध क्या है ?

**प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए  -** (1*7)

(i) पैमाने के प्रतिफलो का सम्बन्ध दीर्घकाल से होता है |

(ii) व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र एक दूसरे के प्रतियोगी होते है |

(iii) वर्तमान समय में कोई भी अर्थव्यवस्था बंद अर्थव्यवस्था नहीं है |

(iv) भविष्य में ब्याज दर में वृद्धि बचतों को कम कर देती है |

(v) अपूर्ण रोजगार, अभावी न्यून मांग का परिणाम है |

(vi) वस्तुओं का निर्यात चालू खाते की देनदारी होती है |

(vii) व्यापार संतुलन में सेवाओं का भुगतान शामिल होता है |

प्रश्न 6. व्यष्टि अर्थशास्त्र की एक परिभाषा लिखिए | (2)

अथवा

अवसर लागत किसे कहते है ?

प्रश्न 7. पैमाने के प्रतिफल किसे कहते है ? (2)

अथवा

उत्पादन फलन किसे कहते है?

प्रश्न 8. अल्पकाल में एक फर्म का पूर्ती वक्र क्या होता हैं ? (2)

अथवा

दीर्घकाल में एक फर्म का पूर्ती वक्र क्या होता है ?

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 9. संतुलन मूल्य को समझाइए | (2)

अथवा

कीमत सीमा को समझाइए |

प्रश्न 10. उत्पादन के प्रमुख कारकों में से किसी दो प्रमुख कार्य के नाम बताइए हैं? और इनमें से प्रत्येक के पारिश्रमिक को क्या कहते हैं ? (2)

अथवा

राष्ट्रीय आय लेखे के अनुसार अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों के नाम लिखिए।

प्रश्न 11. भारत में विनिमय का माध्यम किसे माना गया है ? विनिमय का माध्यम मूल्य मापक का कार्य कैसे करता है ? (2)

अथवा

केन्द्रीय बैंक को साख नियंत्रण करने में बहुत सी कठिनाइयाँ होती है | किन्ही दो कठिनाइयों को समझाइए ?

प्रश्न 12. अतिरेक मांग और न्यून मांग में अंतर लिखिए ? https://www.mpboardonline.com (2)

अथवा

सीमांत उपभोग प्रवत्ति एवं सीमांत बचत प्रवत्ति में अंतर लिखिए?

प्रश्न 13. रोजगार के परंपरावादी सिद्धांत एवं कीन्स के सिद्धांतों में कोई दो अंतर लिखिए ? (2)

अथवा

पूर्ण रोजगार संतुलन एवं अपूर्ण रोजगार संतुलन की तुलना कीजिये ?

प्रश्न 14. समग्र मांग क्या है ? (2)

अथवा

उपभोग फलन क्या है ?

प्रश्न 15. मितव्ययिता का विरोधाभास समझाइए ? (2)

अथवा

बचत को प्रभावित करने वाले किन्ही दो प्रमुख घटक को समझाइए ?

प्रश्न 16. बजट लाइन की धारणा को समझाइए ? (3)

अथवा

उपभोक्ता बजट की धारणा को समझाइए ?

प्रश्न 17. मांग के नियम की विशेषताएं बताइए | (3)

अथवा

तटस्थता वक्रों की विशेषताएं समझाइए |

प्रश्न 18. सर गिफिन का विरोधाभास क्या है? (3)

अथवा

उपयोगिता हास नियम के अपवाद क्या हैं?

प्रश्न 19. पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार की प्रमुख विशेषताएं लिखिए | (3)

अथवा

पूर्ती किसे कहते है ? पूर्ती के प्रकारों को समझाइए |

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 20. केन्द्रीय बैंक के कार्यो की विवेचना कीजिये | (4)

अथवा

व्यापारिक बैंक के तीन प्रमुख कार्यों की विवेचना कीजिये |

प्रश्न 21. पूरक वस्तुओं और स्थापन्न वस्तुओं की तुलना कीजिये? (4)

अथवा

बाज़ार मांग एवं व्यक्तिगत मांग की तुलना कीजिये |

प्रश्न 22. बजट के प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिये | (4)

अथवा

घाटे के बजट का अर्थव्यवस्था पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है,इसका वर्णन कीजिये |

प्रश्न 23. भुगतान संतुलन की मदों को बताइए | (4)

अथवा

भुगतान शेष में प्रतिकूलता के कारण बताइए |

https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mpboardonline.com